कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा / छाप्रोप्र / ए / शालादर्पण / 2019–20 दिनांक : 01.10.2020

स्मरण पत्र

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक(मुख्यालय)

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी
समग्र शिक्षा अभियान

विषय : शालादर्पण पोर्टल पर "Scholarship Module" में सत्र 2019–20 के भुगतान से वंचित रहे विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के आवेदनों में बैक एवं विद्यार्थी के नाम से सम्बन्धित सूचना को दिनांक 20.10.2020 तक आवश्यक रूप से संशोधन करने बाबत।

प्रसंग : इस कार्यालय के समसंख्य पत्र क्रमांक : शिविरा–मा / छाप्रोप्र / ए / शालादर्पण / 2019–20 दिनांक : 24.07.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्ष 2019–20 में समस्त पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्तियो के भुगतान हेतु शालादर्पण पोर्टल पर "Scholarship Module" में पात्र छात्र–छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन भरकर संबंधित संस्था प्रधानों द्वारा लॉक (Lock/Submit) किया गया था परन्तु शालादर्पण पोर्टल पर संस्थाप्रधानों द्वारा अधिकांश विद्यार्थियों के बैंक सम्बन्धित सूचना एवं विद्यार्थी के नाम सम्बन्धित सूचना में Duplicate Account Number/Wrong IFSC Code/Wrong Account Number Length & Special Character in Student Name Length प्रदर्शित हो रहा है, जिसके कारण विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो रहा है। अतः समस्त विद्यालयों के **शालादर्पण पोर्टल पर Scheme Tab में "Scholarship Module" के अन्तर्गत Update Duplicate Bank Account Number in Scholarship Option** में उन समस्त विद्यार्थियों के डाटा प्रदर्शित हो रहे हैं जिनकी वांछित सूचना गलत भरी गई है।

उपर्युक्त क्रम में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 24.07.2020 द्वारा भी निर्देशित किया गया था कि आप अपने अधिनस्थ समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित करें कि उन समस्त विद्यार्थियों की वांछित सूचना जो गलत भरी गई है उन्हें दिनांक 20.10.2020 तक आवश्यक रूप से सही करवाने की कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें ताकि पात्र विद्यार्थियों को भुगतान की कार्यवाही की जा सकें।

इस कार्यालय के संज्ञान में आया है कि उपर्युक्त कार्य में शिथिलता / उदासीनता बरती जाने के कारण विद्यार्थियों के डाटा सही नहीं किए जा रहे हैं जिसे निदेशक महोदय ने गंभीरता से लिया है। अतः शिथिलता / उदासीनता बरतने वाले संस्थाप्रधानों / कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय / अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें।

समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्त निर्देशित कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता से सम्पादित की जावे।

संलग्न : यूजर मेन्युअल

प्रभारी अधिकारी (छात्रवृत्ति)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्री विनोद जैन, तकनीकी–निदेशक, प्रभारी अधिकारी,एन.आई.सी.,जयपुर को सूचनार्थ।
2. समस्त संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा कों समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान को जिला क्षेत्राधिकार में समुचित प्रर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. समस्त संस्थाप्रधान,रामावि / राबामावि / राउमावि / राबाउमावि को अनिवार्यतः पालनार्थ।
5. सिस्टम एनालिस्ट,कम्प्यूटर अनुभाग,कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।

प्रभारी अधिकारी (छात्रवृत्ति)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajsevak.com

s.r.	District name	Total Pending Applications
1	AJMER	57
2	ALWAR	144
3	BANSWARA	2744
4	BARAN	61
5	BARMER	554
6	BHARATPUR	74
7	BHILWARA	224
8	BIKANER	284
9	BUNDI	43
10	CHITTAURGARH	224
11	CHURU	175
12	DAUSA	603
13	DHAULPUR	286
14	DUNGARPUR	1151
15	GANGANAGAR	159
16	HANUMANGARH	580
17	JAIPUR	589
18	JAISALMER	162
19	JALOR	692
20	JHALAWAR	81
21	JHUNJHUNUN	147
22	JODHPUR	833
23	KARAULI	169
24	KOTA	71
25	NAGAUR	1324
26	PALI	53
27	PRATAPGARH	984
28	RAJSAMAND	775
29	S.MADHOPUR	57
30	SIKAR	109
31	SIROHI	225
32	TONK	110
33	UDAIPUR	5020
	Total	**18764**

www.rajsevak.com